दिनांकः 30.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- प्रदेश में विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिवों ने दौरा कर आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल करेंगे समीक्षा बैठक।
- राज्य में भीषण गर्मी और हीटवेव का दौर जारी–कल से कुछ राहत मिलने के आसार।
- शिक्षा विभाग आज करेगा पांचवीं और आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी।
- विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस आज–मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को दीं शुभकामनाएं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल जयपुर में प्रभारी सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त शासन सचिव अरुण प्रकाश शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान ई–फाइल, संपर्क पोर्टल, जल संरक्षण के कार्य, वृक्षारोपण और पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की जाएगी। बैठक में सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और सभी जिला प्रभारी सचिव मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर और ऊर्जा, जल, चिकित्सा तथा ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुडेंगे।

इस बीच, प्रदेश में विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिवों ने कल अपने दौरे के दूसरे और अंतिम दिन व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने पानी, बिजली और चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य इंतजामों का निरीक्षण किया। जिला प्रभारियों ने पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके अलावा प्रभारी सचिवों ने हीटवेव और मौसमी बीमारियों के संबंध में अधिकारियों से इनकी रोकथाम और इलाज के उपाय करने को कहा।

करौली में जिला प्रभारी सचिव आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने कुड़गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकरारियों को मरीजों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। टोंक में प्रभारी सचिव प्रकाश चन्द्र शर्मा ने सावंतगढ गांव में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

वहीं अलवर में प्रभारी सचिव अजिताभ शर्मा ने काला कुंआ स्थित सरकारी सेटेलाइट अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से उनके हालचाल भी जाने। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों के प्रभारी सचिवों को उनके जिलों में दो दिवसीय दौरे पर भेजा गया था।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में भीषण गर्मी और हीटवेव का दौर जारी रहा। हालांकि अधिकांश स्थानों पर तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई, फिर भी लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत नहीं मिली। वहीं रातें भी गर्म हवाएं चलने से तपती रहीं। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 48 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। रात का सबसे अधिक तापमान 34 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस बीकानेर में रिकॉर्ड हुआ। इनके अलावा चूरू, अलवर, वनस्थली और फलौदी में पारा 47 डिग्री और इससे ज्यादा रहा। श्रीगंगानगर में दिन का तापमान 46 दशमलव 9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जयपुर में तापमान में मामूली कमी आई। यहां पारा 46 डिग्री मापा गया। सीकर और उदयपुर में 45 डिग्री से ज्यादा तथा भीलवाडा में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

विभाग के अनुसार राज्य में चल रही हीटवेव और भीषण गर्मी से पूर्वी इलाकों में आज से और पश्चिमी क्षेत्रों में कल से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल राज्य के कई भागों में कहीं–कहीं मेघगर्जन, आंधी और बारिश के आसार हैं। 1 और 2 जून को भी आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी।

------------

इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून के अगले 24 घंटों में, केरल पहुंचने की संभावना है। विभाग के अनुसार मानसून तय समय, एक जून से दो दिन पहले आएगा। वहीं कल तक उत्तर–पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर राज्य में भीषण गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवंटित जिलों में दौरा करने के निर्देश भी दिए गये हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि ये सभी प्रभारी अधिकारी अपने–अपने जिलों में संबंधित प्रभारी सचिव से तालमेल बैठाकर कर हीटवेव प्रबंधन को लेकर पाई जाने वाली कमियों का मौके पर ही समाधान करेंगे और रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एक चैकलिस्ट भी तैयार की गई है।

000

प्रदेश में पांचवीं और आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज दोपहर बाद घोषित किया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि इस बार पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 14 लाख 37 हजार और आठवीं बोर्ड में करीब साढे बारह लाख विद्यार्थी में शामिल हुए। विद्यार्थी अपने परिणाम शाला दर्पण पोर्टल और पीएसपी पोर्टल पर देख सकते हैं।

000

सरिस्का बाघ अभयारण्य में एसटी–27 ने पहली बार 2 शावकों को जन्म दिया हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि सरिस्का में करीब ढाई महीने में दूसरी बार खुशी की खबर मिली है। वन विभाग की टीम इन शावकों पर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं।

------------

000

जालौर के किसान अब ड्रोन से अपनी फसलों पर सस्ती दरों पर दवा का छिड़काव करवा सकेंगे। इफको की ओर से कृषि क्षेत्र में नवाचार करते हुए ड्रोन से फसलों पर छिड़काव की शुरूआत की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे लागत भी कम आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ ही समय की भी बचत होगी।

-----------

000

आज विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकतंत्र, समाज और राष्ट्र के सजग प्रहरी के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने वाले सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि देश और समाज निर्माण में हिंदी पत्रकारिता का अभूतपूर्व योगदान रहा है। गौरतलब है कि 1826 में आज ही के दिन हिंदी का पहला समाचार पत्र "उदन्त मार्तण्ड" शुरू हुआ, जिसने आगे चलकर भारतीय पत्रकारिता की नींव रखीं।

000

प्रदेशभर में मिलावट खोरी के खिलाफ चलाये जा रहे ''शुद्ध आहार, मिलावट पर वार'' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कल जयपुर में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गयी। इस दौरान करीब साढ चार हजार लीटर देशी घी और 800 लीटर खाद्य तेल जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि सूरजपोल मंडी में एक फर्म पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारकर ये कार्रवाई की। एक अन्य कार्रवाई में विश्वकर्मा रोड नंबर 6 पर लगभग 4 हजार लीटर घी जब्त किया गया।

000

देश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार में जुटे हैं। जनसभाएं और रैलियां आयोजित कर जनसम्पर्क साधा जा रहा है। इस चरण में पहली जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 जून को होगी।

000